# औद्योगिक क्षेत्रों के लिए डिफेंस कारिडोर भीमसेन व नानकारी के पास गांव चिह्नित

**जागरण संवाददाता, कानपुरः** शहर में स्वीकृत चार औद्योगिक क्षेत्रों के लिए केडीए को जमीन चिह्नित करने की जिम्मेदारी दी गई है। केडीए तीन औद्योगिक क्षेत्र डिफेंस कारिडोर भीमसेन के पास बसाने की तैयारी कर रहा है। चौथा औद्योगिक क्षेत्र नानकारी में बसाने की तैयारी है। इसके लिए 13 गांव चिह्नित किए गए हैं। सीमा का चिह्नांकन होना बाकी है। इसके अलावा ग्रेटर कानपुर परियोजना तीन हजार एकड़ में लाई जानी है। इसके लिए जमीन तय की जा रही है। अभी अड़चन ये है कि मास्टर प्लान 2031 स्वीकृत नहीं होने के कारण जमीन व्यावसायिक, आवासीय या कृषि है, ये तय नहीं हो पा रहा है। मास्टर प्लान पर शासन की मुहर लगे तो आगे बात बढ़े।

**औद्योगिक क्षेत्र के लिए 13 गांव चिह्नित किए गए, ग्रेटर कानपुर के लिए अलग से चिह्नित होगी तीन हजार एकड़ जमीन**

**13** गांव चिह्नित किए गए हैं कारिडोर के लिए, अब सीमा किया जाना है चिह्नांकन



केडीए ● जागरण आकांइव

केडीए मेडिसिन सिटी, ईवी पार्क और मेगा एमएसएमई पार्क विकसित करेगा। यह सभी डिफेंस कारिडोर भीमसेन के पास विकसित होंगे। वहीं, नालेज पार्क नानकारी में बनेगा। इसके लिए ग्राम गोपालपुर, गंभीरपुर, पतेहरीपुर, सेन पश्चिम पारा, सेन पूरब पारा, इटारा, कैंधा समेत 13 गांव चिह्नित किए गए हैं। इस बाबत दो विशेष कार्याधिकारी रवि प्रताप सिंह और अजय कुमार को लगाया गया है। विशेष कार्याधिकारी डा.रवि प्रताप सिंह ने बताया कि जमीन चिह्नित की जा रही है। औद्योगिक क्षेत्र कितनी सीमा तक रखा जाना है इसके लिए जगह नगर नियोजन विभाग को तय करनी है। सीमा का चिह्नांकन करना है।

## ये बनने हैं औद्योगिक क्षेत्र

### मेडिसिन सिटी



विकसित होगी–डिफेंस कारिडोर भीमसेन के पास

क्षेत्र–100 एकड़

लागत–360 करोड़

निर्माण एजेंसी होगी–केडीए

विकास होगा–पीपीपी माडल (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप ) के तहत

यह होगा–मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल, चिकित्सक उपकरण, दवा मार्केट (शहर से हटाई जाएगी।)

### नालेज पार्क



विकसित होगी–आइआइटी के पास नारामऊ में

क्षेत्र–359 एकड़

लागत–880 करोड़

निर्माण एजेंसी होगी–केडीए

विकास होगा–पीपीपी माडल (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) के तहत

यह होगा–बच्चों की पढ़ाई के लिए पूरा हब बनाया जाएगा। एक ही जगह स्कूल व कालेज, दुकानों और पढ़ाई के लिए कोचिंग सेंटर होंगे।

### मेगा एमएसएमई पार्क



विकसित होगी–डिफेंस कारिडोर भीमसेन के पास

क्षेत्र–100 एकड़

लागत–294 करोड़

निर्माण एजेंसी होगी–यूपीसीडा

विकास होगा –पीपीपी माडल (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप ) के तहत

यह होगा– मेगा फूड पार्क, टेक्टाइल पार्क, प्लास्टिक पार्क, समेत अन्य इकाईया होंगी। छोटे–छोटे उद्योग को बढ़ावा दिया जाएगा।

### ईवी पार्क



विकसित होगा–डिफेंस कारिडोर भीमसेन के पास

क्षेत्र–500 एकड़

लागत–700 करोड़

निर्माण एजेंसी होगी–यूपीसीडा

विकास होगा–पीपीपी माडल (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप ) के तहत

यह होगा–इलेक्ट्रिक वाहनों से जुड़े उद्योग को यहां पर विकसित किया जाएगा। उपकरण से लेकर ई–वाहनों की बिक्री की व्यवस्था होगा।